

# कुंभकार समाज ने निकाला यादें माता का नगर चल समारोह

- माता मंदिर पर समाजजन
- द्वारा पूजन किया

**भौंरासा।** शीतला सप्तमी के उपलक्ष में शीतला माता मंदिर से प्रजापति कुंभकार समाज के द्वारा नगर में एक यादें माता का चल समारोह निकाला गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में समाज जन सम्मिलित हुए सर्वप्रथम नगर के शीतला माता मंदिर पर समाजजन द्वारा पूजन पाठ कर जुलूस प्रारंभ किया गया जो माली मोहल्ले से होते हुए, गणेश मंदिर, चौधरी मोहल्ले, से एमजी रोड होते हुए बड़े हनुमान चौक, रपट,से छोटे हनुमान चौक बस स्टैंड से होते हुए टंकी चौराहे से शीतला माता मंदिर पहुंचा जहां पर आरती पूजन के पश्चात चल समारोह का समापन हुआ चल समारोह का जगह-जगह नगर में नगर वासियों के द्वारा पुष्प वर्षा कर एवं समाज जनों का साफा बांधकर दुपट्टा डालकर स्वागत सम्मान किया गया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावडा, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, नगर वसूली पटेल यशवंत सिंह राजपूत, नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, बाबूलाल डोडिया, अश्विन जायसवाल, मुकेश कुमावत, भुरु दरबार, आदि लोग मौजूद रहे इसी तरह छोटे हनुमान चौक में पत्रकार अभय देव नागर, पार्षद भादर सिंह भाटिया, प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला,,,,, गोस्वामी कमल पाटीदार आदि के द्वारा भी पुष्प वर्षा कर समाज जनों का स्वागत किया गया वही इस अवसर पर कुंभकार समाज के सुखराम पटेल, पुजारी शीतला माता मंदिर, जगदीश दादा, कुंभकार, कैलाश चंद्र कुंभकार, मदन लाल कुंभकार, गंगाराम कुंभकार, विष्णु कुमार, मोतीलाल पूनम चंद, रमेश कुंभकार, अनिल कुंभकार,किशोर कुंभकार, राधेश्याम कुंभकार, धर्मेंद्र कुंभकार, राजेंद्र कुंभकार, अशोक कुंभकार सर , धर्मेंद्र कुंभकार, संतोष कुंभकार, सजन कुंभकार, संतोष कुंभकार, सुनील कुंभकार, दिनेश कुंभकार, जगदीश कुंभकार, मुरली कुंभकार, राधेश्याम कुंभकार, सचिन कुंभकार, घनश्याम कुंभकार, जय कुंभकार, जुगल कुंभकार , किशोर कुंभकार, कुंदन कुंभकार ,शिव भोले वाले घोड़ी वाले, मदन लाल आदि मौजूद रहे।

# अग्रिम टैक्स जमा करें-पाएं छूट, एमआईसी में मंजूरी

**देवास।** महापौर परिषद (एमआईसी) की बैठक महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल की अध्यक्षता में निगम बैठक हाल में सम्पन्न हुई।

उपरोक्त बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को विचारार्थ एवं स्वीकृति के लिए रखा गया। जिसमें आगामी परिषद में बजट पारित की सर्व स्वीकृति के लिए भेजे जाने के लिए एमआईसी ने सहमति दी। दिव्यांगजन पुनर्वास स्थानीय निधि योजना के 2026-27 के बजट को निगम परिषद के समक्ष रखे जाने के लिए महापौर परिषद ने दी स्वीकृति।

स्वीकृति के अन्तर्गत नगर निगम द्वारा अब दिव्यांजनों को उपलब्ध होगें उनके सुविधा उपकरण। इसी अन्तर्गत पुनर्वास स्थानिय निधि से दिव्यांगों एवं विकलांगों को मिलेगी नगर निगम से सुविधा । इसके अतिरिक्त अमृत 2.0 योजना



अन्तर्गत सिवरेज कार्य की पांचवी निविदा में ठेकेदार फर्म दिनेशचन्द्र आर.अग्रवाल बडोदरा गुजारात की प्राप्त वित्तीय दर की एसएलटीसी से प्राप्त स्वीकृति एवं निगम मद से होने वाली राशि के संबंध में महापौर द्वारा एम.आई.सी. पुष्टि की प्रत्याशा मे की गई स्वीकृति की पुष्टि की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 बीएलसी घटक अन्तर्गत डीपीआर क्रमांक 6, 7 एवं 8 के अन्तर्गत 103, 104 एवं 110 हितग्राहियों की डीपीआर को एमआईसी की पुष्टि की प्रत्याशा में दी गई स्वीकृति की पुष्टि की गई । संपत्तिकर-जलकर उपभोक्ताओं को वर्ष 2026-27 मे एक मुश्त अग्रिम कर जमा करने पर 30 जून तक जलकर पर 6 प्रतिशत तथा संपत्तिकर में 5 प्रतिशत की छूट दिये जाने हेतु स्वीकृति दी गई। भवन अनुज्ञा के स्वीकृत किये गये प्रकरणों मे मलबा शुल्क रूपये 30 प्रति फीट से बढाकर 50 रूपये फीट किये जाने की स्वीकृति दी गई । बस स्टेण्ड अनुरक्षण शुल्क वसुली को निविदा के माध्यम से निजी संस्था से वसुली के करवाने बाबद । शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर गाईड लाईन मे वृद्धि केअनुरूप संपत्तिकर की दरों में वृद्धि किये जाने के परिषद के पूर्व प्रस्ताव अनुरूप वर्ष 2026-27 में संपत्तिकर में वृद्धि किये जान के प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई । इसी प्रकार पेयजल प्रदाय मे होने वाली आय ओर व्यय में अंतर को कम करने के दृष्टिगत जलकर को बढाने के निर्णय पर स्वीकृति दी गई । आयएसबीटी फेस-1 के कार्य की समयावधि को मय पेनल्टी सहित बढाई जाने पर सहमति। अन्य विषयों में वार्ड 27 दर्जी धर्मशाला मार्ग पर तोरण द्वार निर्माण, गजरा गियर्स चौराहे पर पोरवाल समाज के आराध्य देव राजा टोडरमल जी की प्रतिमा की स्थापना, वार्ड 29 में सामुदायिक मांगलिक भवन निर्माण एवं वार्ड 40 में मांगलिक भवन निर्माण करवाने के संबंध में स्वीकृति दी गई । आहूत महापौर परिषद मे रखे गये विषयों एवं प्रकरणों की एमआईसी सदस्यों के द्वारा सर्व सहमति से स्वीकृति प्रदान की। महापौर की सहमति से सभी प्रकरणों की स्वीकृति उपरांत महापौर परिषद सदस्यों ने समय सीमा में वार्डो मे किये जाने वाले विकास कार्यो पर महापौर से चर्चा की जिसमें महापौर द्वारा शीघ्रता एवं समय सीमा में कार्य करवाये जाने हेतु कहा । बैठक मे निगम मेयर इन काउंसिल सदस्य गणेश पटेल, धर्मेन्द्रसिह बैस, शीतल गेहलोत, मुस्तुफा अंसार एहमद, जितेन्द्र मकवाना, सपना अजय पंडित, ममता बाबु यादव, अंतिम अजय पडियार, निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, आरती खेडेकर, प्र.कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती, जगदीश वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी सौरभ त्रिपाठी, लेखा अधिकारी दिलीप गर्ग, कार्यालय अधिक्षक रणजीतसिहं पंजाबी, सहायक यंत्री दिनेश चौहान, मुशाहीद हन्फी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

# माधवराव सिंधिया की जयंती पर माल्यार्पण

**देवास।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री कैलाशवासी माधवराव सिंधिया की 81 वीं जयंती स्थानीय माधव मंगेल गार्डन इटावा में पूर्व जिलामंत्री भाजपा हरीश देवलिया की अगुवाई में मनाई गई।

मुख्य अतिथि के रूप में देवास विधायक गायत्री राजे पवार, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, पार्षद गणेश पटेल, राजेन्द्र ठाकुर, रघु भदोरिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र नवगोत्री, सुरेश सिलोदिया, सचिन जोशी, गजेन्द्र



देवलिया, धर्मेन्द्र चंदेल, नरेन्द्र दोगडे, आदित्य दुबे, गोलु रघुवंशी, मोहन देवलिया, पप्पू साहू, रतन बागवान, मेहरबान धाकड़, सुरेश सोलंकी, छगन देवलिया, जगदीश देवलिया, विक्रम देवड़ा, दीपक देवलिया, सचिन गोठीवाल, जितेन्द्र , हितेश देवलिया, गोविंद ठाकुर, श्रीकांत खरे, अभिषेक गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

# आयुक्त ने वार्डो का किया औचक निरीक्षण, देखी सफाई व्यवस्था

**देवास।** आयुक्त दलीप कुमार ने वार्डो का किया औचक निरीक्षण वार्ड क्र. 22 में निरीक्षण के दौरान नाले के आसपास एवं खुले प्लॉटों के कुछ स्थानों पर कचरा पाया जाने पर रहवासियों को जागरुक करने तथा स्पॉट फाईन करने हेतु वार्ड दरोगा को कहा। स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा खुले प्लॉटों के मालिक उनके प्लॉटों को कवर करें। रात्रिकालीन सफाई को लेकर सतत मॉनीटरिंग तथा चाट चौपाटी पर व्यवसायकों के द्वारा डस्टबिन रखने एवं डस्टबिन का कचरा निगम के कचरा संग्रहण वाहन में गीला सूखा अलग अलग डस्टबिनों में डलवाये एवं ग्रीन बेल्ट की सफाई भी प्रतिदिन हो इस हेतु आयुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया।

## एक नजर में

### बापू सिंह पटेल का निधन



**टोंक खुर्द।** ग्राम छायन हज्जाम के पटेल निर्भय सिंह गुर्जर के काका जी एवं भाजपा नेता लाखन सिंह गुर्जर एवं कल्याण सिंह गुर्जर के दादाजी तथा कपिल गुर्जर के परदादा बापू सिंह पटेल का 70 वर्ष मे निधन होने पर ।भाजपा विधि प्रकोष्ठ पूर्व जिला संयोजक श्याम सिंह गालोदिया,पूर्व सांसद प्रतिनिधि राधेश्याम चौधरी,भाजपा वरिष्ठ नेता मेहरबान सिंह चौधरी,वरिष्ठ समाजसेवी डॉ,सुरेश गुर्जर,वरिष्ठ पत्रकार निर्भय सिंह कराड़ा,पत्रकार विष्णु गालोदिया,भाजपा युवा नेता जगदीश सिंह गुर्जर,मोहन सिंह गुर्जर आदि ने श्रद्धांजलि दी।

### सांसद कार्यालय में खेली होली



**टोंक खुर्द।** देवास शाजापुर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी के सांसद कार्यालय देवास होली मिलन समारोह रंगारंग कार्यक्रम में पहुंच कर ।होली मिलन एवं रंग पंचमी की शुभकामनाएं देकर बधाई दी गई ।एवं इसके पश्चात सांसद सोलंकी को पुष्प मालाओ पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। एवं रंग गुलाल से रंगारंग होली खेली गई। देवास भाजपा विधि प्रकोष्ठ पूर्व जिला संयोजक श्याम सिंह गालोदिया,भाजपा मंडल महामंत्री राकेश सिंधल,भाजपा पूर्व जिला कार्य समिति सदस्य निर्भय सिंह कराड़ा,भाजपा युवा नेता रोहित गालोदिया आदि ने।

### कुआं खुदवाई की नहीं दे रहे जानकारी



**देवास।** बड़ी चुरलाय निवासी सीताराम पिता महेश पाटीदार ने जनसुनवाई में जिलाधीश को आवेदन देकर बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा राजेन्द्र पिता हीरालाल पाटीदार द्वारा अपनी भूमि ग्राम बड़ी चुरलाई प.ह.न. 76 सर्वे नं 619 पर कुआ खुदवाने हेतु आवेदन दिया गया था जिस पर कुआ खुदाई का कार्य किया परंतु सर्वे नं 619 पर कुए का निर्माण नहीं किया गया। सीताराम ने बताया कि मेरे द्वारा सूचना के अधिकार में 2008 एवं 2009 की कपिल धारा योजना अंतर्गत खोदे गए कुओं की संपूर्ण जानकारी मांगी गई थी। लेकिन मुझे केवल राजेन्द्र पिता हीरालाल की ही जानकारी दी गई बाकी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई गई। दस माह पश्चात 14 अक्टूबर 2025 मैने जन सुनवाई में आवेदन दिया था, इसके पश्चात 15 नवम्बर 2025 को मुझे केवल एक कुए की जानकारी दी गई तब से लेकर आज तक मुझे पूर्ण जानकारी प्रदान नहीं की गई है। जिससे यह प्रतीत होता है कि कपिलधारा योजना में बड़ा घोटाला हो रहा है। सीताराम ने जिलाधीश से मांग की है कि मुझे कपिलधारा योजना में कितने कुए खोदे गए इसकी संपूर्ण जानकारी प्रदान करवाई जाए, साथ ही जिलाधीश से इस योजना में हो रहे घोटाले की जांच करवाने का निवेदन किया।

### रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट व्हिस्की को नए लुक में पेश

**देवास।** पर्नोड रिकार्ड इंडिया की रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट व्हिस्की ने अपनी नई और अलग पहचान पेश की है, जो समझदारी से चयन करने की उसकी फिलॉसफी को और मजबूत करती है. यह नया लुक एक आकर्षक और ऊंचे डिजाइन के साथ पेश किया गया है, जो उन लोगों के लिए है जो चयन की शक्ति और उत्कृष्ट शिल्प की कद्र करते हैं. नए लुक में अब पहले से ज्यादा ऊंची और आकर्षक बोतल है, जो बेहद एलिगेंट दिखाई देती है. पर्नोड रिकार्ड इंडिया के जीएम-मार्केटिंग जॉयदीप बसुरॉय ने कहा रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट व्हिस्की का यह नया और अलग डिजाइन उस हर बात को दर्शाता है जिसके लिए यह ब्रांड जाना जाता है- समझदारी से चयन, प्रामाणिकता और प्रगतिशील सोच. ट्रिपल सिलेक्ट प्रॉमिस के साथ हम हर स्तर पर उत्कृष्ट शिल्पकला और अलग पहचान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को फिर से मजबूत करते हैं- चाहे वह बेहतरीन ब्लेंड हो या नया और अभिनव डिजाइन.

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने हर्षोल्लास से रंगपंचमी उत्सव मनाया

**देवास।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा-देवास के तत्वावधान में 08 मार्च रविवार को रंगपंचमी के शुभ अवसर पर महिला प्रदेश अध्यक्ष अनुपमा श्रीवास्तव के निज आवास में समाज जन ने हर्षोल्लास के साथ रंगपंचमी का त्यौहार मनाया। डी.जे. की धुन पर थिरकते हुए पानी की बौछारों के बीच परस्पर प्रेमपूर्वक एक दूसरे को गुलाल लगाया। कार्यक्रम पश्चात सभी ने भोजन ग्रहण किया। मुख्य रुप से कार्यक्रम में देवास महिला जिलाध्यक्ष सीता श्रीवास्तव, जितेन्द्र श्रीवास्तव , शीतल निगम, सुनीता निगम , अलका निगम , दिलीप निगम,छाया कानूनगो,



नरेश कानूनगो, कल्पना श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव , संगीता कानूनगो, माला वर्मा, पूजा श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, नीति श्रीवास्तव, स्वाति श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, संजय, मनोज श्रीवास्तव, महेंद्र निगम, आशुतोष श्रीवास्तव, मंजुला सक्सेना, दिपेश सक्सेना, रंजना ,सुधा, निकिता, अक्षिता सक्सेना, सक्षम सक्सेना आदि उपस्थित हुए।

# विज्ञान महाविद्यालय में देखा बजट वेबीनार का सीधा प्रसारण

**देवास।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय केन्द्रिय बजट 2026-27 मे वित्तमंत्री द्वारा देश के समस्त महाविद्यालयो में (आई एण्ड बी) भारत सरकार तथा इंडियन इन्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी आईआईसीटी मुम्बई कि सहायता से 9 मार्च 2026 को एक वेबीनार का आयोजन हुआ जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया।

इसका सीधा प्रसारण स्व. तुकोजीराव पवार शासकीय विज्ञान महाविद्यालय देवास में आयोजित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य छात्र/छात्राओं में पारंपरिक विषयों के साथ-साथ लैब में एआई के माध्यम से छात्र/छात्राओं में तकनीकि ज्ञान का संचार हो, तथा रोजगार के



अवसर प्राप्त हो। महाविद्यालय में आयोजन प्राचार्य प्रमोद कुमार पलाश्या के मार्गदर्शन में संचालित हुआ। इस अवसर पर डॉ. ममता शाक्य, डॉ. प्रेमलता चौहान, प्रो. गिरिश शिव, प्रो. श्याम कापडे, डॉ. खुशबु पुरोहित, डॉ. शिवानी पटेल, डॉ. मेघा माडलिक, डॉ. दिव्या पाटिदार, डॉ.आकांक्षा शर्मा, डॉ. पुर्णिमा करील, डॉ. मेघा वाजपेई, प्रो. कल्पना सिंह, प्रो. प्रियंका सोलंकी, प्रो. उषा गौड, प्रो. नूर बी खान, प्रो. वंदना देशमुख, प्रो. नाजनीन पठान, प्रो. पूजा वर्मा, एंव समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टॉफ उपस्थि रहा। आयोजन प्रभारी प्रो. अंकुर विश्वकर्मा एंव सदस्य प्रो. गणेश कुशवाह रहे।

कार्यक्रम के अन्त मे प्रो. गिरिश शिव एवं प्रो. श्याम कापडे द्वारा बजट एवं वेबीनार से संबंधित उद्देश्यो की विस्तृत जानकारी साझा की गई।

# सेंटर क्लस्टर की रोटरी चौपाल 14 मार्च को

- तैयारियों को लेकर बैठक, होली मिलन समारोह भी

**भौंरासा।** रोटरी इंटरनेशनल मंडल 3040 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे सुशील मल्होत्रा के नेतृत्व में सेंटर क्लस्टर की रोटरी चौपाल का आयोजन 14 मार्च 2026 को भौंरासा में किया जाएगा। इस आयोजन में रोटरी क्लब भौंरासा, देवास, हाटपीपल्या एवं सोनकच्छ संयुक्त रूप से सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम में इंदौर, उज्जैन सहित अन्य क्लबों के सदस्य भी शामिल होंगे ।रोटरी चौपाल कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शक्ति माताजी मंदिर परिसर, भौंरासा में आयोजक क्लबों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही रोटरी चौपाल में रोटरी के सेवा कार्यों पर चर्चा के साथ फाग उत्सव भी मनाया जाएगा, जिसमें भजन गायक द्वारका मंत्री एवं टीम द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। पूर्व रोटरी गवर्नर सत्यनारायण लाठी, सहायक मंडलाध्यक्ष दिनेश कारपेंटर, कार्यक्रम चेयरमैन प्रदीप मंत्री, सुधीर पंडित के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में रोटरी क्लब भौंरासा के अध्यक्ष डॉ. रूप सिंह नागर, रोटरी क्लब सोनकच्छ के अध्यक्ष दिनेश राठौर, रोटरी क्लब देवास के अध्यक्ष डॉ. सचिन नागर, भौंरासा क्लब सचिव किशोर वर्मा, रोटरी क्लब सोनकच्छ के सचिव महेशचंद्र राठौर, रघुवीर सिंह ठाकुर, कन्हैयालाल खाटवा ,पूर्व अध्यक्ष ईश्वर सिंह जाधव, रोटरी क्लब भौंरासा , देवास हाटपीपल्या एवं सोनकच्छ क्लबों के सदस्य उपस्थित रहे।

# आरुषि बनीं भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल

**कांटाफोड़।** नगर कांटाफोड़ के लिए यह अत्यंत गर्व और सम्मान का क्षण है। नगर की भांजी एवं माहेश्वरी समाज की होनहार बेटी आरुषि बाहेती, निवासी बाग (जिला धार) ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल का प्रतिष्ठित पद प्राप्त कर परिवार, समाज और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से कांटाफोड़ सहित पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है ।बताया जा रहा है कि आरुषि बाहेती माहेश्वरी समाज की देश की पहली बेटी हैं, जिन्होंने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल का पद प्राप्त कर समाज के




इतिहास में एक नई उपलब्धि दर्ज की है। उनकी यह सफलता समाज की बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

# महिला दिवस पर किया मातृशक्ति का सम्मान

**देवास।** भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री अमित पांडे ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय मजदूर संघ द्वारा हाटपीपल्या वार्ड क्र.2 आंगनवाडी केन्द्र पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्तियों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृशक्तियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष पूजन- अर्चन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन संघ की जिलाध्यक्ष रामू जमोडिया ने किया।

## एक नजर में

निगमायुक्त ने समीक्षा बैठक के दौरान पेयजल वितरण पर फोकस कर दिए सुधार के निर्देश

# राजस्व की टीम के साथ उपयंत्री और स्वास्थ्य की टीम करेगी निगम टैक्स वसूली

**देवास।** निगमायुक्त दलीप कुमार ने समयावधि पत्रों की समीक्षा निगम बैठक हाल में की। आयुक्त बैठक के दौरान आगामी ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल पर चर्चा की। जिसमें राजानल तालाब से लिए जाने वाले पेयजल पर चर्चा की तथा एनवीडीए से पर्याप्त मात्रा मे डेम में पानी रहे इस पर कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती को सतत सम्पर्क में रहने के निर्देश दिए।

वार्डो में पेयजल वितरण के समय पर होने तथा कुछ वार्डो मे देरी से किये जा रहे पेयजल वितरण में सुधार किये जाने हेतु कहा। इसी प्रकार अमृत 2.0 के अन्तर्गत डाली जा रही नवीन पेयजल लाईन से जल उपभोक्ताओं को नवीन कनेक्शन दिये जाने के साथ ही जहां नवीन लाईन डल चुकी है उन वार्डो मे वार्ड पार्षद के साथ वार्ड उपयंत्री सर्वे कर पुरानी लाईन बन्द कर नवीन लाईन से जल वितरण किये जाने हेतु कहा। विद्युत खपत की बचत को दृष्टिगत रखते हुए 41 ट्युबवेल कनेक्शन वार्डो से हटाये गये हैं उन ट्युबवेलों को केप लागकर बन्द किये जाने तथा ट्युबवेल से निकाली गई सामग्री को निगम मे जमा कराये जाने के निर्देश के साथ ही ऐसे जीवित ट्युबवेल जिसमें हेण्ड पम्प डाले जाने की आवश्यकता है वहां हेण्ड पम्प डालें तथा जो हेण्ड पम्प खराब हैं उन्हें सुधारे जाने हेतु कहा तथा वाटर ट्रीमेंट प्लांट पर क्लोरिन टेस्टिगं तथा वार्डो मे भी पेयजल के सेम्पल लिए जाने के साथ ही ओव्हर हेड टेंक वाटर ट्रीमेंट प्लांट क्लोरिन की खपत चेक कार्य की मानिटरिंग किये जाने हेतु सहायक यंत्री सौरभ त्रिपाठी, उपयंत्री राजेश कौशल,चंदन सोनी को कहा। गार्डन मेंटेन तथा गार्डनों मे पेड पौधों को पानी दिये जाने हेतु तथा जिन गार्डनों में पानी की व्यवस्था नही है वहां टेंकरो से सप्ताह मे 3 दिवस पानी दिये जाने हेतु सहायक यंत्री जगदीश वर्मा को निर्देशित किया।

विद्युत कनेक्शनों पर लगे नये स्मार्ट मीटर कनेक्शन से प्राप्त बिलों का सत्यापन करें तथा खपत बढकर नही आ पाए की मानिटरिंग किये जाने हेतु कहा ।स्ट्रीट लाईट एवं जलप्रदाय तथा स्वास्थ्य विभाग से होने वाले मेंटनेंस कार्य की सामग्री जिन ठेकेदरों द्वारा नही दी जा रही है उन ठेकेदारों के विरूद्ध पेनल्टि तथा राशि राजसात किये जाने की कार्रवाई करने हेतु कहा। आयुक्त ने वाहन विभाग के द्वारा समय पर डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन कुछ वार्डो मे समय पर नही जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए सुधार कार्य करने के साथ ही जिन वाहनों में मेटनेंस कार्य किये जाना है उन वाहनों का तत्काल मेंटनेंस करवाये जाने के निर्देश वाहन प्रभारी को दिए । आयुक्त ने स्वनिधि से फोकस दिये जाने के साथ ही स्वनिधि के आवेदनों का लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत में वसुली की लक्ष्यपूर्ति के लिए संपत्तिकर एवं कम्पाउंडिंग किये जाने के लिए कार्यालय अधिक्षक एवं कालोनी सेल से रणजीतसिंह पंजाबी को कहा। संपत्तिकर एवं जलकर की बकाया राशि शत प्रतिशत जमा कराए जाने के लिए वार्डो के सभी उपयंत्रियो तथा सभी स्वच्छता निरीक्षकों एवं दरोगाओं को निगम राजस्व की टीम के साथ सामन्जस्य कर वसुली किये जाने के निर्देश दिए। सीएम हेल्प लाईन की शिकायतों का सभी विभाग समय पर निराकरण करें।